## ग्राम पंचायत– बनाह धिन्नी, विकास खण्ड–पच्छाद, जिला–सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### अवधि 04/2022 से 03/2024

### भाग–एक

1 **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006–12669 दिनाँक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत–बनाह धिन्नी, विकास खण्ड–पच्छाद, जिला–सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं का अंकेक्षण हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहेः–**

प्रधानः–

| क्र. सं. | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति अरूणा शर्मा | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

सचिवः–

| क्र. सं. | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र कुमार | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

तकनीकी सहायकः–

| क्र. सं. | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश शर्मा | 01/04/2022 से 19/03/2023 |
| 2 | श्री राजेन्द्र कुमार | 20/04/2023 से 31/03/2024 |

ग्राम रोजगार सेवकः–

| क्र. सं. | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति पूनम शर्मा | 01/04/2022 से 19/03/2023 |
| 2 | श्री राजकुमार | 20/04/2023 से 31/03/2024 |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-

ग्राम पंचायत–बनाहं धिन्नी, विकास खण्ड–पच्छाद, जिला–सिरमौर, के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | पैरा सं. | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.2 | रोकड़ बही व बैंक शेष में अन्तर | 3.53 |
| 2 | 6.2 | अनुदान राशि उपयोग हेतु शेष | 34.22 |
| 3 | 7 | पंचायत राजस्व वसूली हेतु शेष | 0.41 |
| 4 | 8 | गणना में त्रुटि के कारण किया गया अधिक भुगतान | 0.05 |
| 5 | 9.1 | मनरेगा कार्यों में अनियमित भुगतान | 13.89 |
| 6 | 9.2 | निर्माण सामग्री के वॉइड्स (Void) की कटौती न करना | 1.74 |

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:-

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना अनुसार हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला द्वारा ग्राम पंचायत–बनाहं धिन्नी, विकास खण्ड–पच्छाद ,जिला–सिरमौर, का यह प्रथम अंकेक्षण है।

भाग–दो

2 वर्तमान अंकेक्षण:-

ग्राम पंचायत–बनाहं धिन्नी, विकास खण्ड–पच्छाद, जिला–सिरमौर के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण श्री तरूण सैनी, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 27/07/2024 से 07/08/2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में निष्पादित किया गया। आय व व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वतः स्त्रोतों से आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 10/2022 | 05/2022 |
| 2023–24 | 03/2024 | 03/2024 |

**अस्वीकरण:-**"वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी/सचिव द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत

अथवा उपलब्ध ही न करवाये जाने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रकार के प्रभाव हेतु हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।"

3 **अंकेक्षण शुल्क:–**

ग्राम पंचायत–बनाह थिन्नी, विकास खण्ड–पच्छाद, जिला–सिरमौर के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹6400 आंका गया। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को अंकेक्षण ज्ञापन सं0 57 दिनांक 07/08/2024 द्वारा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, कसुम्पटी शिमला–171009 को यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसके प्रतिउत्तर में अपेक्षित कार्रवाई उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाने का आश्वासन दिया।

4 **वित्तीय स्थिति:–**

4.1 सचिव, ग्राम पंचायत बनाह थिन्नी द्वारा प्रस्तुत सूचना/अभिलेखों के अनुसार ग्राम पंचायत की अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक की समेकित वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–1 व 2** पर भी दिया गया है:–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्ति (₹) | ब्याज (₹) | कुल (₹) | व्यय (₹) | अन्त शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2022-23** | 3642551.75 | 11055839.67 | 252410.1 | **14950801.52** | 11196563.67 | **3754237.85** |
| **2023-24** | 3754237.85 | 14426877.47 | 117323 | **18298438.32** | 14475997.47 | **3822440.85** |
| दिनांक 31.03.2024 को बैंक खातों अनुसार अन्तशेष **परिशिष्ट–3** | | | | | | **3408560.85** |
| दिनांक 31.03.2024 को वित्तीय स्थिति/रोकड़ बही व बैंक खातों में अन्तर (₹3822440.85–₹3408560.85) **परिशिष्ट–3** | | | | | | **413880** |

4.2 **₹3.53 लाख की बैंक समाधान विवरणी प्रस्तुत न करना:–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) एंव 10 (1) के अनुसार पंचायतों की रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करते हुए बैंक समाधान विवरणी को तैयार किया जाना अनिवार्य है। परन्तु पंचायत के लेखाओं के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.03.24 को ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–3** में वर्णित रोकड़ बही व बैंक शेषों में निम्न विवरणानुसार **₹352662** के अन्तर की बैंक समाधान विवरणियाँ प्रस्तुत नहीं की गई जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। परिणामस्वरूप किसी भी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना से इनकार नही किया जा सकता:–

| क्र0सं0 | योजना का नाम | अन्तर की राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) (बैंक अन्तशेष प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया) | 8171 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) (बैंक अन्तशेष प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया) | 20000 |
| 3 | स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) (बैंक अन्तशेष प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया) | 73647 |
| 4 | 12 वां वित्त आयोग (12th FC) (बैंक अन्तशेष प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया) | 11625 |
| 5 | 13 वां वित्त आयोग (13th FC) (बैंक अन्तशेष प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया) | 92691 |
| 6 | 4 राज्य वित्त आयोग (4th SFC) (बैंक अन्तशेष प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया) | 146528 |
| | योग | 352662 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 56 दिनांक 07/08/2024 के प्रतिउत्तर में तथ्यों व आंकडो की पुष्टि करते हुए उचित कार्यवाही करने के उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाने का आश्वासन दिया। अतः उक्त भारी अन्तर की राशि की बैंक समाधान विवरणियाँ शीघ्र तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए । इसके अतिरिक्त यह गम्भीर मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही हेतु भी लाया जाता है।

### 4.3 ₹0.82 लाख के अन्तर की बैंक समाधान विवरणी बारे:–

ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 31/03/2024 को **परिशिष्ट–3** में वर्णित रोकड बही व बैंक शेषों में निम्न वर्णित **₹82002** के अन्तर की बैंक समाधान विवरणियाँ ही प्रस्तुत की गई, जिनका विवरण **परिशिष्ट "4 व 5"** पर दिया गया है। बैंक समाधान विवरणियों से सम्बन्धित निम्नलिखित आपत्तियाँ पाई गई जिनके सम्बन्ध में उचित समाधान करके अनुपालना अंकेक्षण को दर्शाई जाए:–

| **क्र0सं0** | **निधि/योजना का नाम** | **अन्तर की राशि (₹)** |
|---|---|---|
| | सामान्य निधि/स्वः स्त्रोत व 5वां राज्य वित्त आयोग (5th SFC) | 4437 |
| 1 | 15वां वित्त आयोग | 71610 |
| 2 | राजीव आवास योजना/इंदिरा आवाय योजना (RAY/AAY) तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (MMAY) | 120 |
| 3 | मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ योजना (MMGPY) तथा विकास में जन सहयोग (VMJS) | 15 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट लोकल ऐरीया डेवलपमेंट स्कीम (MPLADS) तथा आपदा राहत कोष (CRF) | 905 |
| 5 | विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना (VKVNY) | 2716 |
| 6 | आपदा राहत कोष (CRF) | 0 |
| 7 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | 2199 |
| | **योग** | 82002 |

**(क) ₹0.85 लाख की गलत प्रविष्टियों का समाधान रोकड़ बही में न करनाः–**

15वां वित्त आयोग से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी का अवलोकन करने पर पाया गया कि रोकड बही में निम्न विवरणानुसार **₹84696** की गलत प्रविष्टियां दर्ज पाई गई परन्तु इस से सम्बन्धित समाधान प्रविष्टियां अंकेक्षण समाप्ति तक भी रोकड बही में दर्ज नहीं की गई थी। अतः उपरोक्त गलत प्रविष्टियों का औचित्य स्पष्ट करते हुए इनकी समाधान प्रविष्टियाँ अब रोकड़ बही में दर्ज करके सम्बन्धित बिल/वाउचर आदि अभिलेख सहित अंकेक्षण में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें:–

| संख्या | योजना | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित्त आयोग | रोकड बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 6316 |
| 2 | 15वां वित्त आयोग | रोकड बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 3500 |
| 3 | 15वां वित्त आयोग | रोकड बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 7740 |
| 4 | 15वां वित्त आयोग | रोकड बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 27300 |
| 5 | 15वां वित्त आयोग | रोकड बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 14260 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | 15वां वित्त आयोग | रोकड़ बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 9675 |
| 7 | 15वां वित्त आयोग | रोकड़ बही में वाउचर संख्या XVFC/2023-24/R/17 दिनांक 03–11–23 दर्शाई गई प्राप्ति जिसकी क्रेडिट प्रविष्टि बैंक पास बुक में दर्ज नहीं पाई गई। | 15905 |
| | | **कुल** | **84696** |

## 4.4 बंद योजनाओं में ₹3.53 लाख की शेष राशि का समाधान न करना:–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न तालिका में विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित रोकड़ बहियों अनुसार दिनांक 31.3.2024 को **₹352662** की शेष राशि दर्शाई गई थी जबकि यह योजनाएं आधिकारिक रूप से बन्द हो चुकी थी। इसके अतिरिक्त इन योजनाओं से सम्बन्धित बैंक खाते भी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप यह सुनिश्चित न हो सका कि पंचायत द्वारा इन योजनाओं की राशि का उचित समाधान किया गया है अथवा नहीं:–

| क्रम संख्या | योजना का नाम | रोकड़ बही अनुसार दिनांक 31/03/2024 को अन्तशेष (₹) | योजना की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) | 8171 | 2015–16 से 2020–21 |
| 2 | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) | 20000 | |
| 3 | स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) | 73647 | |
| 4 | 12 वां वित्त आयोग (12th FC) | 11625 | 2005–06 से 2010–11 |
| 5 | 13 वां वित्त आयोग (13th FC) | 92691 | 2015–16 से 2020–21 |
| 6 | 4 राज्य वित्त आयोग (4th SFC) | 146528 | 26 मई 2005 से 2 नवम्बर 2007 |
| | कुल | **352662** | |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 56 दिनांक 07/08/2024 द्वारा सचिव को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त योजनाओं में पड़ी शेष राशियों का बैंक खातों से मिलान करते हुए

सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करके उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए व अपेक्षित अभिलेख सहित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 सावधि जमा में निवेश न करना:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार स्वः स्त्रोत निधि में अतिरिक्त राशि को सावधि जमा में निवेश किया जाना अपेक्षित है। सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना/अभिलेखो अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी राशि सावधि जमा में निवेश नहीं की गई थी। अंकेक्षण को प्रस्तुत सूचना तथा **परिशिष्ट–3** अनुसार ग्राम पंचायत के स्वः स्त्रोत खातों में दिनाँक 31.03.2024 को **₹400154.85** की राशि शेष थी परन्तु सावधि जमा में कोई भी राशि निवेश नहीं की गई थी। अतः सुझाव दिया जाता है कि स्वः स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पडी राशि को सावधि जमा मे निवेश किया जाए ताकि ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

## 6 अनुदान

### 6.1 अनुदान से ₹57.22 लाख के व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेदार है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक निम्न विवरण अनुसार **₹5722396** की अनुदान राशि का व्यय किया गया था परन्तु इससे सम्बन्धित आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित किये जाने सम्बन्धित भी कोई अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जोकि उक्त नियम 2002 के नियम 88 की अवहेलना है :-

| क्रम | योजना | वर्ष 2022–23 के दौरान अनुदान से व्यय राशि (₹) | वर्ष 2023–24 के दौरान अनुदान से व्यय राशि (₹) | कुल राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 वां वित्त आयोग (14th FC) | 383199 | 1775 | 384974 |
| 2 | 15 वां वित्त आयोग (15th FC) | 1463828 | 1337655 | 2801483 |
| 3 | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | 49914 | 49086 | 99000 |
| 4 | मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट लोकल ऐरीया डेवलपमेंट स्कीम (MPLADS) | 0 | 100000 | 100000 |
| 5 | विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना (VKVNY) | 640315 | 74168 | 714483 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | 344175 | 0 | 344175 |
| 7 | 5 वां वित्त आयोग (5th SFC) | 290848 | 553264 | 844112 |
| 8 | सेक्टोरल डीसेन्ट्रलाईज प्लॉनिंग (SDP) | 40000 | 180669 | 220669 |
| 9 | विकास में जन सहयोग (VMJS) | 213500 | 0 | 213500 |
| | **कुल** | 3425779 | 2296617 | 5722396 |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 56 दिनांक 07/08/2024 जारी करके आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः इस सम्बन्ध में उचित स्पष्टीकरण दिया जाए व अपेक्षित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## 6.2 अनुदान राशि ₹34.22 लाख उपयोग हेतु शेष

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–1 व 2** पर प्रस्तुत सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों में से दिनांक 31.03.2024 को **₹3422286** की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिसका विवरण निम्न तालिका में भी दिया गया है। इस राशि को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार फडिंग ऐजेन्सी के दिशा निर्देशो अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है:–

| क्रम | योजना | रोकड़ बही अनुसार दिनांक 31/3/2024 को अन्त शेष (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 12 वां वित्त आयोग (12th FC) | 11625 |
| 2 | 13 वां वित्त आयोग (13th FC) | 92691 |
| 3 | 15 वां वित्त आयोग (15th FC) | 1760178 |
| 4 | राजीव आवास योजना/इंदिरा आवास योजना (RAY/AAY) | 16002 |
| 5 | मुख्यमंत्री आवास योजना (MMAY) | 1876 |
| 6 | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | 2216 |
| 7 | मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट लोकल ऐरीया डेवलपमेंट स्कीम (MPLADS) | 105850 |
| 8 | विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना (VKVNY) | 389035 |
| 9 | 4 वां वित्त आयोग (4th SFC) | 146528 |
| 10 | 5 वां वित्त आयोग (5th SFC) | 203722 |
| 11 | सेक्टोरल डीसेन्ट्रलाईज प्लॉनिंग (SDP) | 545745 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) | 8171 |
| 13 | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) | 20000 |
| 14 | स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) | 73647 |
| 15 | आपदा राहत कोष (CRF) | 45000 |
| | **कुल** | **3422286** |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 56 दिनांक 07/08/2024 का सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी प्रतिउत्तर प्रस्तुत नही किया गया। अतः जिन अनुदानों की विहित अवधि समाप्त हो चुकी है उनके सन्दर्भ में उचित स्पष्टीकरण दिया जाए तथा अवधि बढ़ौतरी की सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करके व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7 गृहकर राजस्व ₹0.41 लाख वसूली हेतु शेष :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को कोई भी देय राशि पर्याप्त कारणो के बिना बकाया नहीं रखी जा सकती। सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों व **परिशिष्ट– 6** के अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31/03/2024 तक पंचायत की गृहकर राजस्व राशि **₹41000** वसूली हेतु शेष थी। इसके अतिरिक्त गृहकर मांग व प्राप्ति रजिस्टर का संधारण उचित प्रकार से नहीं किया गया था। इसमें वर्ष के दौरान प्राप्त की गई राजस्व राशि को लगातार क्रम में लिखा गया था, जबकि इसकी प्रविष्टी एक परिवार विशेष के लिए अलग पृष्ठ/खाता बनाकर उसमें की जानी चाहिये थी ताकि प्रत्येक परिवार के लिए मांग व प्राप्ति की सही आकलन किया जा सके। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 56 दिनांक 07/08/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उपरोक्त राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की वसूली शीघ्र सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8 गणना में त्रुटि के कारण किया गया ₹0.05 लाख का अधिक भुगतान

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 48 के अनुसार पंचायत द्वारा दावों के भुगतान से पूर्व इनकी गणित सम्बन्धी शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न तालिकाओं दर्ज विवरणानुसार विभिन्न कार्यों हेतु किए गए भुगतानों के बिलो व माप पुस्तिका में गणना की त्रुटि कर **₹4555 (₹2000+₹2555)** का अधिक भुगतान किया गया था जोकि अनियमित है।

| योजना | कार्य का नाम | बिल संख्या / दिनांक / संविदाकार | सामग्री | मात्रा | दर (₹) | अपेक्षित भुगतान (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मनरेगा | C/o RWHT Dharam Singh BKS GP Banah Dhinni | 77 / 19.03.22 / Om Traders | रेत | 77 क्यू०फी० | 68 + 5% जी०एस०टी | 5497 | 7497 | 2000 |

कार्य का नाम – R/o Panchayat Ghar Banah Dhinni
योजना का नाम – विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना
माप पुस्तिका संख्या– 031 (पृ० सं० 23 से 26)

| मद | गणना | सही गणना | माप पुस्तिका अनुसार गणना | अन्तर | मद की दर | अधिक भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Ist Class Kail Wood | 0.012 m x112.98 m | 1.356 m³ | 1.429 m³ | 0.073 | 35000 | 2555 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 56 दिनांक 07/08/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त अधिक भुगतान को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करते हुए पंचायत निधि में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9 निर्माण कार्य

### 9.1 मनरेगा के अन्तर्गत मस्ट्रोल किए गए ₹13.89 लाख के भुगतान बारे

हि०प्र० पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 23 तथा हि०प्र पंचायती राज विभाग सामान्य नियम 1997 के नियम 19 के अन्तर्गत कार्य समिति/निगरानी समिति का गठन अनिवार्य है जिसकी निगरानी में पंचायत के समस्त विकास कार्य निष्पादित किए जाने अपेक्षित है तथा नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेदार होगा। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि **परिशिष्ट–7** पर दर्ज विवरणानुसार **₹1389344** के भुगतान में निम्न वर्णित आपत्तियां दर्ज पाई गई–

- इन कार्यो हेतु भुगतान कार्य समिति/निगरानी समिति/मेट की सत्यापना बिना ही किया गया था।

➢ वित्तीय वर्ष 2022–23 माप पुस्तिका में किए गए कार्य की मापन की सत्यापना अंकेक्षण के दौरान नहीं हो सकी क्योंकि माप पुस्तिका में न तो मस्ट्रोल संख्या अंकित थी तथा न ही किए गए भुगतान की राशि का मिलान माप पुस्तिका में दर्ज राशि से हो रहा था।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 56 दिनांक 07/08/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों को प्रस्तुत न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए इन्हें शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.2 निर्माण सामग्री से ₹1.74 लाख के वॉइड्स (Voids) की कटौती न करना:–**

हि0प्र0 पब्लिक वर्कस स्पेसिफिकेशन 2.1.2.13 के अनुसार बजरी की आपूर्ति पर 6 एम0एम0 से लेकर 20 एम0एम0 तक 5% व 25 एम0एम0 से लेकर 40 एम0एम0 तक 10% तथा पत्थरों की आपूर्ति पर 63 एम0एम0 से लेकर 75 एम0एम0 तक 12.5% की दर से वॉइड्स (Voids) की कटौती उपरान्त भुगतान किया जाना अपेक्षित है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान चयनित मासों में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों हेतु क्रय की गई निर्माण सामग्री की मात्रा से निर्धारित दर से वॉइड्स (Voids) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को **परिशिष्ट–8** अनुसार **₹173980** का अधिक भुगतान किया गया जोकि अनियमित है। इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 56 दिनांक 07/08/2024 द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी उचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः वाइड्स (Voids) की कटौती न करने को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके पंचायत निधि में जमा करवाई जाये एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10 अभिलेख का अनुरक्षण न करना**

**10.1 ई–ग्रामस्वराज पोर्टल में चल–अचल सम्पत्तियों का विवरण प्रस्तुत न करना:–**

ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर पंचायत द्वारा सभी चल–अचल सम्पत्तियों को दर्शाया जाना अनिवार्य है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ई–ग्रामस्वराज पोर्टल में पंचायत द्वारा अर्जित/निर्मित सम्पत्तियों के ईन्द्राज से सम्बन्धित विवरण अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस बारे अंकेक्षण ज्ञापन सं0: 56 दिनांक 07/08/2024 जारी करके सचिव को सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए। अतः उक्त पोर्टल पर में पंचायत की चल–अचल सम्पति का ईन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**10.2 विहित रजिस्टर/अभिलेख को प्रस्तुत न करना:–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 व हि0प्र0 पंचायती राज (सामान्य) नियम, 1997 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों

का अनुरक्षण किया जाना अनिवार्य है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टर/अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक हैः–

| क्र. सं. | रजिस्टर/अभिलेख | फॉर्म संख्या | सन्दर्भित नियम |
|---|---|---|---|
| **हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002** | | | |
| 1 | निवेश रजिस्टर | 1 | 12 |
| 2 | वर्गीकृत सार | 8 | 29(4) |
| 3 | अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर | 9 | 30 |
| 4 | बजट प्राक्कलन | 11 | 37 |
| 5 | बिल रजिस्टर | 13 | 48 |
| 6 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61 (2) |
| 7 | खाता बही | 29 | 7 |
| 8 | मासिक बैंक समाधान विवरणी | 5 | 7 (3) एंव 10 (1) |
| 9 | तकनीकी जाँच व तकनीकी स्वीकृति ऐस्टीमेट रजिस्टर | 31 | 95 (1) |
| 10 | दुकान किराया रजिस्टर | 33 | 10 |
| **हि0प्र0 पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997** | | | |
| 1 | रसीद बुक स्टॉक रजिस्टर | 2 | 34 |
| 2 | विकास कार्य निष्पादन रजिस्टर | 7 | 34 |
| 3 | अनुदान रजिस्टर | 8 | 34 |
| 4 | अचल सम्पत्ति रजिस्टर | 11 | 34 |

इस बारे अंकेक्षण ज्ञापन सं0: 56 दिनांक 07/08/2024 जारी करके सचिव को सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण समाप्ति तक भी प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि आपत्तिजनक है। अतः नियमानुसार अभिलेखों व रजिस्टरों का रख–रखाव सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

11 **लघु आपति विवरणिकाः–** लघु आपत्तियों का मौके पर ही निपटारा करके विवरणिका को अलग से जारी नहीं किया गया है।

12 **निष्कर्ष** :– ग्राम पंचायत के लेखों के रख–रखाव में उक्त अनुच्छेदों/पैरों में वर्णित आपत्तियों के अनुसार सुधार की नितान्त आवश्यकता है।

(मनजीत भाटिया)
सहायक निदेशक
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009
दूरभाष–0177–2620046

07 NOV 2024

5304–5308 क्र०/प्र०

पृष्ठांकन संख्याः– फिन (एल०ए०) एच (पंच) (15)(10) 89/2024 खण्ड–1 दिनांक शिमला–09
प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निदेशक, पंचायती राज विभाग हि०प्र०, कसुम्पटी, शिमला–171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर सम्बन्धित पंचायत सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।
2. उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि०प्र० विधानसभा शिमला–4 को सूचनार्थ प्रेषित है।
3. जिला पंचायत अधिकारी, सिरमौर, जिला सिरमौर, हि०प्र०।
4. खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड पच्छाद, जिला सिरमौर, हि०प्र०।

पंजीकृत 5. सचिव, ग्राम पंचायत बनाह छिन्नी, विकास खण्ड पच्छाद, जिला सिरमौर हि०प्र० को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

(मनजीत भाटिया)
सहायक निदेशक
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009
दूरभाष–0177–2620046

क्र०/प्र०

परिशिष्ट - 1.
(पैरा - 4.1), 6.2

ग्राम पंचायत बनाह थिन्नी, डा० बनाह की सेर, तहसील व विकास खण्ड पच्छाद, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड–173024 की वर्ष 2022–23 व 2023–24 की समेकित वित्तीय स्थिति

| वर्ष | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियां | वर्ष के दौरान प्राप्त ब्याज | कुल | वर्ष के दौरान व्यय | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 3642551.75 | 11055839.67 | 252410.1 | **14950801.52** | 11196563.67 | **3754237.85** |
| 2023-24 | 3754237.85 | 14426877.47 | 117323 | **18298438.32** | 14475997.47 | **3822440.85** |

ग्राम पंचायत बनाह थिन्नी, डा० बनाह की सेर, तहसील व विकास खण्ड पच्छाद, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड–173024 की वर्ष 2022–23 की योजनावार वित्तीय स्थिति

| योजना | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियां | वर्ष के दौरान प्राप्त ब्याज | कुल | वर्ष के दौरान व्यय | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सम्मान निधि/ स्व: स्रोत (OWN/General) | 291876.75 | 166281 | 57935.1 | **516092.85** | 120171 | **395921.85** |
| 12वां वित्त आयोग (12th FC) | 11625 | 0 | 0 | **11625** | 0 | **11625** |
| 13वां वित्त आयोग (13th FC) | 92691 | 0 | 0 | **92691** | 0 | **92691** |
| 14वां वित्त आयोग (14th FC) | 369405 | 0 | 15413 | **384818** | 383199 | **1619** |
| 15वां वित्त आयोग (15th FC) | 1505829 | 2014055 | 48853 | **3568737** | 1463828 | **2104909** |
| राजीव आवास योजना/इंदिरा आवास योजना (RAY/AAY) | 16002 | 0 | 0 | **16002** | 0 | **16002** |
| मुख्यमंत्री आवास योजना (MMAY) | 752 | 0 | 512 | **1264** | 0 | **1264** |
| मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | 854 | 60000 | 423 | **61277** | 49914 | **11363** |
| संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) | 98200 | 60000 | 2968 | **161168** | 0 | **161168** |
| विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना (VKVNY) | 587812 | 244600 | 13286 | **845698** | 640315 | **205383** |
| स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | 229757 | 1634 | 112784 | **344175** | 344175 | **0** |
| 4 राज्य वित्त आयोग (4SFC) | 146528 | 0 | 0 | **146528** | 0 | **146528** |
| 5वां राज्य वित्त आयोग(5th SFC) | 181101 | 275656 | 0 | **456757** | 290848 | **165909** |
| सेक्टोरल डिसेन्ट्रलिज़ेशन प्लान (SDP) | 7801 | 370000 | 236 | **378037** | 40000 | **338037** |
| विकास में जन सहयोग (VMJS) | 500 | 213000 | 0 | **213500** | 213500 | **0** |
| पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) | 8171 | 0 | 0 | **8171** | 0 | **8171** |
| राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) | 20000 | 0 | 0 | **20000** | 0 | **20000** |
| स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) | 73647 | 0 | 0 | **73647** | 0 | **73647** |
| आपदा राहत कोष (CRF) | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | **0** |
| मनरेगा | 0 | 7650613.665 | 0 | 7650613.665 | 7650613.665 | **0** |
| कुल | **3642551.75** | **11055839.67** | **252410.1** | **14950801.52** | **11196563.67** | **3754237.85** |

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत बनाह थिन्नी
वि०ख० पच्छाद, जिला सिरमौर
(हि०प्र०) 173024

परिशिष्ट -2
(पैरा 4.1), 6.2)

ग्राम पंचायत बनाह थिन्नी, डा० बनाह की सेर, तहसील व विकास खण्ड पच्छाद, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड–173024 की वर्ष 2022–23 की योजनावार वित्तीय स्थिति

| योजना | प्रारंभिक शेष | वर्ष के दौरान प्राप्तियां | वर्ष के दौरान प्राप्त ब्याज | कुल | वर्ष के दौरान व्यय | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सम्मान निधि/ स्व: स्रोत (OWN/General) | 395921.85 | 27673 | 24071 | 447665.85 | 47511 | 400154.85 |
| 12वां वित्त आयोग (12th FC) | 11625 | 0 | 0 | 11625 | 0 | 11625 |
| 13वां वित्त आयोग (13th FC) | 92691 | 0 | 0 | 92691 | 0 | 92691 |
| 14वां वित्त आयोग (14th FC) | 1619 | | 156 | 1775 | 1775 | 0 |
| 15वां वित्त आयोग (15th FC) | 2104909 | 922258 | 70666 | 3097833 | 1337655 | 1760178 |
| राजीव आवास योजना/इंदिरा आवास योजना (RAY/AAY) | 16002 | 0 | 0 | 16002 | 0 | 16002 |
| मुख्यमंत्री आवास योजना (MMAY) | 1264 | 0 | 612 | 1876 | 0 | 1876 |
| मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | 11363 | 39000 | 939 | 51302 | 49086 | 2216 |
